# सूर्या फाउण्डेशन
# आदर्श गाँव योजना

मासिक ई पत्रिका - अंक 10

मार्च 2021

मेरा गाँव
मेरा बड़ा परिवार

## चयनित आदर्श गाँव










suryaadarshgaonyojna
suryafoundation1
sf10idealvillage
surya_foundation
suryafoundation
@suryafnd
www.suryafoundation.org

# डिजिटल पंचायत भवन की शुरुआत : कादीपुर, काशी (उ.प्र.)

आदर्श गाँव योजना द्वारा चयनित गाँव कादीपुर के पंचायत भवन को डिजिटल पंचायत भवन का रूप दिया गया। गाँव के लोगों को पहले किसी भी ऑनलाइन या डिजिटल कार्य के लिए गाँव से 15 किमी दूर जाना पड़ता था। इसी समस्या को देखते हुए गाँव के युवाओं ने मिलकर गाँव के पंचायत भवन को डिजिटल बनाने की योजना बनाई। सूर्या यूथ क्लब के युवाओं द्वारा श्री विकास चतुर्वेदी, *SDM* से सम्पर्क कर उन्हें डिजिटल पंचायत भवन बनाने का प्रस्ताव रखा। *SDM* ने इस योजना को अमल में लाने की सहमति जताई और अपनी ओर से एक प्रिंटर उपलब्ध कराया।

14 मार्च 2021 को डिजिटल पंचायत भवन का विधि पूर्वक उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में गाँव के समाजसेवी, युवा, महिलाएँ उपस्थित रही। इस कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में **लक्ष्य फाउण्डेशन** का भी सहयोग रहा। गाँव के लोगों ने इस कार्य की खूब प्रशंसा की। अब पंचायत भवन में सभी प्रकार के ऑनलाईन और डिजिटल कार्य किए जा रहे हैं। ग्रामीणों को अब छोटे–छोटे कामों के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता है। इस सुविधा से गाँव के लोगों का समय बचता है और उनके अन्य कामों में रुकावट नही होती है।




## अन्य कार्य

- गाँव के सेवाभावी एवं शिक्षकों के माध्यम से स्कूल चलो अभियान चलाया गया।
- शिवरात्रि महापर्व पर गाँव में मेले का आयोजन किया गया जिसमे महिलाओं के द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया।



# सरकारी योजनाओं का लाभ : नांदियाकल्ला (राजस्थान)



## अन्य कार्य

- गाँव में 20 लोगों का कोरोना टीकाकरण कराया गया।
- 5 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।
- 22 मार्च विश्व जल दिवस पर वृक्षों को पानी देने वाले 7 वृक्ष मित्रों को सम्मानित किया गया।
- 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वयं सहायता समूह की 30 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

ऐसा गाँव जहाँ सरकारी योजनाओं का लाभ सभी ग्रामवासियों को मिलता हो। सभी लोग प्रसन्न हों, स्वस्थ हों। राजस्थान के जोधपुर जिले में ऐसा ही एक गाँव नांदियाकल्ला है। गाँव मे सूर्या फाउण्डेशन व महाराणा प्रताप यूथ क्लब पिछले पाँच वर्षों से गाँव के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्यरत है।

इस माह गाँव में सूर्या संस्कार केन्द्र, सूर्या यूथ क्लब, सूर्या सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र के साथ-साथ 12 महिला स्वयं सहायता समूह भी है। गाँव के 8 लोगों को सुकन्या समृद्धि योजना, 20 लोगों को वृद्धा पेंशन, 4 लोगों को अटल पेंशन योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया गया है।

ग्रामवासियों के पास कुछ कागजात ना होने के कारण उन्हें सरकार से मिलने वाली बहुत सारी योजनाओं से वंचित होना पड़ता है। इसी विषय को ध्यान में रखकर गाँव के सरपंच जसवंत सिंह भाटी जी के प्रयास से गाँव में आधार कार्ड बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में गाँव के 60 लोगों का आधार कार्ड बनवाया गया।



# नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर : नयागाँव (हरियाणा)

सूर्या फाउण्डेशन द्वारा नयागाँव में 6 मार्च (शनिवार) को नि:शुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन स्वास्तिक हॉस्पिटल, बहादुरगढ़ के सहयोग से किया गया। इस शिविर में स्वास्तिक हॉस्पिटल से डॉक्टरों की टीम उपस्थित रही जिसमें मुख्य रूप से डॉ. उज्जवल जी, (जनरल फिजीशियन) डॉ. रीना जी (महिला चिकित्सक) सहयोगी टीम में डॉ. प्रवीण जी (एडमिन), अरुण जी, अंकित जी, मनीषा जी व नताशा जी उपस्थित रहीं।

शिविर में 70 लोगों ने बुखार, सर्दी, जुकाम, घुटने का दर्द, शुगर, ब्लड प्रेशर आदि की जाँच भी कराई। जाँच के पश्चात् मरीजों को नि:शुल्क दवाएँ भी उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य शिविर के उद्घाटन में मुख्य अतिथि श्री हीरा कुमार (सूर्या रोशनी), श्रीमती शुभद्रा घरोटे जी (सदस्य-INO), भंवरसिंह जी (क्षेत्र प्रमुख) द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

श्रीमती शुभद्रा घरोटे जी ने प्राकृतिक चिकित्सा (नैचुरोपैथी) के बारे में लोगों को जानकारी देते हुए कहा हम कि अपने बीमारियों का इलाज अपने घर में ही कर सकते हैं। हमारा किचन भी एक औषधालय है। हम अपने किचन से ही बीमारियों का इलाज कर सकते है। हल्दी, जीरा, मेथी, लौंग आदि हरएक उत्तम औषधि है। सूर्या रोशनी के एच. आर. सीनियर मैनेजर आदरणीय हीराजी ने गाँव के लोगों को स्वास्थ्य के बारे में बताया कि हमें अपने आस पास हमेशा साफ सफाई रखनी चाहिए। हमें भोजन में कच्चा आहार का अधिक सेवन करना चाहिए, इससे हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और हम बीमार नही पड़ते हैं।




## अन्य कार्य

- 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान एवं संस्कार केन्द्र के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।
- शिवरात्रि महापर्व पर मंदिर में भजन कीर्तन का कार्यक्रम किया गया।
- स्वयं सहायता समूह की 3 महिलाओं के द्वारा धूपबत्ती बनाने का कार्य किया जा रहा है।






# वृंदावन कुम्भ दर्शन : नगलावर, ब्रज (उ.प्र.)





श्रीकृष्ण की लीला नगरी वृंदावन में इस वर्ष कुंभ का अयोजन उत्तर प्रदेश सरकार की निगरानी में किया गया। इस कुंभ में देश-विदेश के लोगों ने आकर कुंभ का गौरव बढ़ाया।

सूर्या फाउण्डेशन द्वारा चयनित आदर्श गाँव नगलावर में संचालित स्वयं सहयता समूह और सूर्या सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र की माताओं-बहनों को भी कुंभ का दर्शन करवाया गया। कुंभ भ्रमण कार्यक्रम में गाँव की 30 महिलाओं ने हिस्सा लिया। नगलावर से 43 किलोमीटर दूर वृंदावन में कुंभ मेले के दर्शन किए। यह कार्यक्रम सुबह 09:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक रहा। सभी लोग भोजन अपने घर से लाए थे। दोपहर में एक साथ बैठकर भोजन मंत्र के साथ भोजन किया।

मेले में माताओं-बहनों ने यमुना नदी में स्नान कर लाखों रुद्राक्षों से निर्मित 25 फिट ऊँचे शिवलिंग का दर्शन किया। महंत श्री नरेन्द्र जी महराज का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जिसके पश्चात श्री नीलकण्ठ के दर्शन करते हुए साकेत वासी महंत श्री श्री 1008 परमेश्वर दास जी महाराज का प्रवचन सुना। महिलाओं ने सांस्कृतिक ग्राम में चित्रकला एवं मूर्तिकला प्रदर्शनी देखी जिसमें ब्रज के शिल्पकारों द्वारा निर्मित वस्तुओं को दर्शाया गया था। यह महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत एवं एक त्योहार से कम नहीं रहा। महिलाएँ घरेलू कामों में हमेशा व्यस्त रहती हैं। यह उनके लिए एक अनोखा दिन रहा।

## अन्य कार्य

- गाँव के 28 लोगों का कोरोना टीकाकरण कराया गया।
- गाँव के मन्दिर पर सामूहिक भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।
- यूथ क्लब के युवाओं ने काँवड़ियों का विश्राम, जलपान एवं भोजन की व्यवस्था की।
- 20 परिवारों में पोषण वाटिका हेतु बीज वितरण किया गया।



# गौ–उत्पाद प्रशिक्षण शिविर : बसई, काशीपुर (उत्तराखण्ड)

आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत गाँव बसई का मझरा में आदर्श गाँव योजना के तहत चार दिवसीय गौ–उत्पाद प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गाँव में संचालित 04 स्वयं सहायता समूह की 45 महिलाओं ने प्रशिक्षण का लाभ लिया। शिविर में महिलाओं को गाय के गोबर व गौ–मूत्र से बनने वाली घरेलू उपयोग की सामग्री बनाना सिखाया गया। शिविर में धूपबत्ती, साबुन, गोनाइल (गौ–मूत्र से बना फिनायल), दंत–मंजन तथा हवन में उपयोग होने वाले उपले (कण्डे) बनाना सिखाया गया।

शिविर के समापन कार्यक्रम में सभी महिलाओं को बनाई गई सामग्री का एक–एक पैकेट वितरित किया गया। जिसमें स्वयं के द्वारा बनाई गयी धूपबत्ती, गोनाइल, दंत–मंजन, उपले तथा साबुन रखा गया। कार्यक्रम के उद्घाटन में सूर्या रोशनी लिमिटेड काशीपुर के एच.आर. महाप्रबंधक श्री संजीव कुमार जी उपस्थित रहे। समूह की सभी महिलाओं ने प्रशिक्षण में उत्पाद बनाना सीखा और इस काम को समूह अनुसार अलग–अलग सामग्री बनाने का निर्णय लिया। इन उत्पादों का प्रयोग सबसे पहले अपने घर में करने के लिए भी लोगों ने निश्चय किया। इसके बाद अपने गाँव के सभी घरों तक यह सामग्री उपयोग में लायी जायेगी। इसी काम को रोजगार का स्वरूप देंगे।



## अन्य कार्य

- 08 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में मातृ सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 40 महिलाओं ने भाग लिया।
- संस्कार केन्द्र के 36 भैया–बहनों का मासिक टेस्ट लिया गया।
- स्वयं सहायता समूह की बैठक की गयी जिसमें गौ–उत्पाद से सम्बंधित रोजगार के लिये चर्चा की गई।








# प्रशिक्षण के बाद शुरू किया सिलाई का काम: मूण्डला, सिहोर (म.प्र.)




आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत मूण्डला गाँव में सूर्या फाउण्डेशन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, समरसता और स्वावलंबन के लिए कार्य किए जा रहे हैं। समग्र ग्राम विकास को सफल बनाने के लिए संस्था, महिला स्वावलंबन की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रही है जिसमें महिला स्वयं सहायता समूह को नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

गाँव में संस्था द्वारा 2019 में सूर्या सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ किया गया जिसमें 15-15 बहनों के तीन बैच को छह माह प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जिसमें महिलाओं को सूट, ब्लाउज, पेटिकोट, कुर्ती आदि चीजों का प्रशिक्षण दिया गया। गाँव की 45 महिलाओं को सूर्या सिलाई केन्द्र के माध्यम से सिलाई सीखने का अवसर मिला। सिलाई सीखने के बाद सभी महिलाओं ने अपने घर पर सिलाई का काम शुरू कर दिया है जिससे उनको अपने घर का कपड़ा बाहर सिलवाने की जरूरत नहीं पड़ती। साथ ही साथ कुछ महिलाओं ने सिलाई कि दुकान खोली है। अपने घर पर ही रहते हुए गाँव के अन्य लोगों के कपड़ों की सिलाई करती हैं जिससे उनको आर्थिक मदद मिल रही है। महिला स्वावलंबन की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कार्य आदर्श गाँव मूण्डला में हुआ है।

## अन्य कार्य

- गाँव में 20 लोगों का कोरोना टीकाकरण किया गया।
- नशामुक्ति कार्यक्रम के लिए ग्रामीणों से सम्पर्क किया गया।
- गाँव में महिला सम्मान तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम किया गया जिसमें 60 लोग उपस्थित रहे।





# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान : सलोई, विदिशा (म.प्र.)



सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना के अंतर्गत गाँव समाज में जागरुकता के लिए अलग-अलग अभियान चला रही है इसी के अंतर्गत संस्था ने गाँव सलोई में **"बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ"** जागरुकता अभियान चलाया गया जिसमें गाँव के युवाओं, बच्चों ने गाँव के परिवारों में जाकर लोगों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के बारे में जानकारी दी। समाज में महिलाओं को बराबरी का दर्जा मिले तभी हमारा गाँव सशक्त बनेगा ऐसे विचार के साथ लोगों को जागरुक किया गया। आज के इस युग में महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है। कल्पना चावला, किरण बेदी, पी.टी. ऊषा, सानिया मिर्जा, साइना नेहवाल ने भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी प्रसिद्धि प्राप्त की है। ग्रामीणों ने संकल्प लिया है कि वो अपने घर की बेटियों को शिक्षा प्रदान करेंगे तथा बेटा व बेटी मे कोई भेदभाव नही रखेंगे।

## अन्य कार्य

- युवाओं की बैठक में नशामुक्ति विषय पर चर्चा हुई।
- शिवरात्रि महापर्व पर प्रभातफेरी का आयोजन किया गया।
- हस्तशिल्प प्रशिक्षण के बाद 10 बहनों ने रोज का काम शुरू किया।
- 22 मार्च को 'विश्व जल दिवस' मनाया गया जिसमें 20 लोगों को सम्मानित किया गया।

## बेटी है घर की खुशहाली



# सरकारी योजनाओं के लाभ हेतु शिविर का आयोजन : लोनाँव, गोरखपुर (उ.प्र.)



चयनित आदर्श गाँव लोनाँव में सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं ग्रामीणों का फॉर्म भरने के लिए **दिनांक 22 मार्च 2021** को एक शिविर लगाया गया जिसमें कृषि विभाग से शिव प्रसाद मौर्य जी उपस्थित रहे। उन्होंने केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार की अनेकों योजनाओं के बारे में बताया और गाँव के 15 ऐसे लोगों का फॉर्म भरा गया जिनको प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि नहीं मिल रही थी। इस कार्यक्रम मे गाँव के 35 लोग उपस्थित रहे।

सरकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए शिव प्रकाश जी ने कहा कि वर्तमान सरकार ग्रामीणों के हित मे अनेक योजनाएँ चला रही है। जिनका लाभ हम सभी लोगों को लेना चाहिए। कार्यक्रम में समाज सेविका डॉक्टर प्रेमा जी, श्री भगवत सिंह, विश्वनाथ राय, रामजतन राय, पूर्व प्रधान बाबू प्रसाद जी उपस्थित रहे।

## अन्य कार्य

- युवाओं द्वारा शिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिर में साफ–सफाई अभियान चलाया गया।
- 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम पर महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम किया गया।
- राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती का आयोजन किया गया जिसमें 155 पहलवानों को सम्मानित किया गया।



# युवाओं ने उठाया ग्राम विकास का बीड़ा : फफूण्डा, मेरठ (उ.प्र.)

भारत युवाओं का देश है अगर किसी देश में गाँव की उन्नति करनी है। तो युवा शक्ति का सही उपयोग करना बेहद जरूरी हो जाता है। सूर्या फाउण्डेशन पिछले दो दशक से युवाओं को प्रशिक्षित कर सही दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित कर रही है। इसी क्रम में आदर्श गाँव योजना के अंतर्गत मेरठ क्षेत्र के आदर्श गाँव फफूण्डा मे सूर्या यूथ क्लब के युवाओं ने अपने गाँव की तस्वीर बदलने का बीड़ा उठाया है। स्वच्छता के प्रति जागरुकता हो या फिर गाँव के विकास की बात इन युवाओं ने सामूहिक प्रयास से गाँव को न केवल आदर्श बनाने बल्कि दूसरों को भी प्रेरित करने का काम किया है। इन्होंने अपने छोटे से प्रयास से सभी युवाओं ने राशिं एकत्रित कर गाँव में खराब पड़े दो सोलर स्ट्रीट लाइट की मरम्मत करवाई जिससे आज रात के समय में गली में उजाला रहता है। सूर्या यूथ क्लब में 20 से अधिक युवा जुड़े हुए हैं। संस्था से जुड़े युवाओं ने लोगों से आर्थिक सहयोग की योजना बनाई है। सभी ने अपनी बचत से स्ट्रीट लाइट की मरम्मत हेतु धनराशि एकत्रित किया।

युवाओं की इस पहल से दूसरे लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। छोटे- छोटे काम के लिए किसी पर निर्भर होने के बजाय सामूहिक रूप से समस्या का समाधान निकालना बड़ी बात है। इन युवाओं के सामूहिक प्रयास को देखते हैं तो अन्य ग्रामीण भी इनके साथ जुड़ रहे हैं और युवाओं की प्रशंसा कर रहे हैं।



## अन्य कार्य

- सेवानिवृत्त सरकारी शिक्षकों के साथ बैठक कर केन्द्र पर रचनात्मक पढ़ाई पर चर्चा।
- 4 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनवाया गया।
- कोरोना टीका लगवाने हेतु आँगनवाड़ी व आशा कार्यकत्री के साथ मिलकर सूची तैयार की गई।
- समूह के माध्यम से गोनाइल, धूपबत्ती एवं होलिका दहन हेतु उपले बनाने का कार्य किया गया।



# कबड्डी प्रतियोगिता : पेण्ड्री, राजनांदगांव ( छत्तीसगढ़ )



आदर्श गाँव पेण्ड्री में रात्रि कालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गाँव की 25 टीमों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक देवांगन जी और गाँव के प्रबुद्ध समाजसेवी बंधुओं ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए।

मुख्य अतिथि देवांगन जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे स्वास्थ्य के लिए जितना खाना-पीना जरूरी होता है वैसे ही खेल खेलना भी जरूरी होता है स्वास्थ्य के लिए कबड्डी बहुत ही अच्छा खेल है ग्रामीण क्षेत्रों में कबड्डी सबसे ज्यादा खेला जाने वाला खेल है।

हमारे देश में तरह-तरह के खेल हैं और कबड्डी भी उनमें से एक है। भारत में बहुत पुराने समय से कबड्डी खेल बहुत ही ज्यादा लोकप्रिय है। इस खेल को बच्चे और बड़े सभी लोग खेलते हैं। इस खेल को खेलने के लिए आपको किसी भी तरह के सामान की आवश्यकता नहीं होती है। इस खेल में शारीरिक मानसिक दोनो प्रकार की क्षमताओं का विकास होता है। कबड्डी का खेल बच्चों के लिए पसंदीदा खेल है बच्चे कबड्डी खेल बहुत पसंद करते हैं।

रात्रि कालीन प्रतियोगिता में आई सभी टीमों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, अपनी टीम को विजयी बनाने के लिए सभी ने पूरा प्रयास किया। प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं में टीमवर्क का भाव तथा एक दूसरे का सहयोग करने के भाव में सुधार हुआ, टीम में सभी ने एक दूसरे का सहयोग करते हुए प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रथम स्थान-बिलहारी, द्वितीय स्थान- खपरी कला, त्रतीय स्थान- बंभनी तथा चतुर्थ स्थान- पेंड्री गाँव की युवा टीम ने प्राप्त किया।

## अन्य कार्य

- संस्कार केन्द्र पर वार्षिक परीक्षा की तैयारी करवाई गई।
- गाँव मे कोरोना का प्रभाव न हो इसके लिए दिशा निर्देश देते हुए जागरुक किया गया।
- होली के शुभ अवसर पर संस्कार केन्द्र व यूथ क्लब पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- गाँव के 10 परिवारों का आयुष्मान कार्ड बनवाया गया।



# आदर्श गाँव की गतिविधियाँ समाचार पत्रों में...

गौ उत्पाद से धूपबत्ती, साबुन, गौ नायल, दंत मंजन एवं अग्निहोत्र कंडे बनाने का महिलाएं ले रहीं प्रशिक्षण

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को लगाया प्रशिक्षण शिविर

भास्कर समाचार सेवा

**काशीपुर।** आदर्श गांव बसई का मंझरा में सूर्या फाउंडेशन आदर्श गाँव योजना के तहत चार दिवसीय गौ उत्पाद प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर में पहुंचे मुख्य अतिथि सूर्या रोशनी लिमिटेड के वरिष्ठ महाप्रबंधक संजीव कुमार, सूर्या संस्कार केंद्र के शिक्षक रणधीर सिंह सैनी और गौ उत्पाद प्रशिक्षण प्रमुख संजय तिवारी के द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर के प्रथम दिन स्वयं सहायता समूह के 40 महिलाओं को धूपबत्ती बनाना सिखाया गया। सूर्या फाउंडेशन के द्वारा आदर्श गांव बसई का मझरा में आयोजित चार दिवसीय गौ उत्पाद प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव कुमार ने गाय के महत्व को बताते हुए कहा कि गाय ही एक ऐसा पशु है, जिसे हम सभी माँ कहकर पुकारते है। गाय हमारे जीवन में बहुत उपयोगी है। वर्तमान समय में गांव में भी धीरे-धीरे पशुधन कम होते जा रहे हैं। यह एक अच्छा प्रयास है पशुधन को बचाने के लिए और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आत्मनिर्भर भारत का जो अभियान है वह भी साकार हो पाएगा। इससे महिलाओं को भी रोजगार मिलेगा, महिलाएं भी आत्मनिर्भर हो पाएंगी। गौ उत्पाद कर आप सभी अपनी आय को भी बढ़ा सकती हैं। और अपने गाँव को आत्मनिर्भर गाँव बना सकती है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए नरेंद्र ने बताया कि गौ उत्पाद प्रशिक्षण 4 दिनों तक रहेगा। जिसमें शिविर के प्रथम दिन धूपबत्ती, दूसरे दिन साबुन, तीसरे दिन गौ नायल, और चौथे दिन दंत मंजन एवं अग्निहोत्र के कंडे आदि बनाना सिखाया जाएगा। धूपबत्ती प्रशिक्षण में महिलाओं ने एक हजार धूपबत्ती बनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र प्रमुख नीतिश कुमार, रणधीर सिंह सैनी, हरीश, आशीष, शिवम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सूर्या फाउंडेशन द्वारा महिलाओं को गौ उत्पाद का प्रशिक्षण देते ।

## शिविर में 70 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई



बहादुरगढ़ के नया गांव में ग्रामीणों को स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते सूर्या फाउंडेशन पदाधिकारी। ● विज्ञप्ति

**बहादुरगढ़ :** सूर्या फाउंडेशन की ओर से नया गांव में निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन स्वास्तिक अस्पताल बहादुरगढ़ की सहयोग से किया गया। इस शिविर में स्वास्तिक अस्पताल से डा. उज्जवल, डा. रीना, डा. प्रवीण, डा. अरुण, अंकित, डा. मनीषा व डा. नताशा उपस्थित रहीं। शिविर में गांव के करीब 70 लोगों ने अपना चेकअप कराकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर में बुखार, सर्दी जुकाम, घुटने का दर्द, बीपी, शुगर, ब्लडप्रेशर आदि की जांच की गई। इस मौके पर हीरा कुमार, शुभदा घरोटे, विकास विश्वकर्मा, शत्रुहान लाल कश्यप, भंवर सिंह, रामवतार, महेंद्र, करतार सिंह, शिक्षिका पायल, जतिन आदि मौजूद थे। (जासं)

## जल संरक्षण दिवस पर महिलाओं का सम्मान

नवज्योति/सोयला।

नांदिया कला विश्व जल संरक्षण दिवस के अवसर पर सूर्या फाउंडेशन तथा महाराणा प्रताप यूथ क्लब के तत्वावधान में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें महिलाओं का सम्मान भी किया गया।

जसवंत सिंह भाटी सरपंच ने युवाओं को कहा कि आज के समय में जल जीवन के लिए आवश्यक है और इस जीवन रूपी जल को बचाने का सबसे उत्तम साधन इसका संरक्षण करना है हमारे गांव को प्रकृति ने विशेष आशीर्वाद हमें दिया है।

पहाड़ों के जल को संचित कर यदि हम उसको रोकते हैं तो हमारा पूरा गांव हरा भरा खुशहाल तथा समृद्ध हो जाएगा जमीन का जल स्तर बढ़ जायेगा।

हमारे इस सामुहिक कार्य अन्य जनों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन जायेगी। जन सहयोग के कार्य के आदर्श प्रेमसुख दास महाराज ने पहाड़ के अंदर छोटा राम सरोवर का निर्माण कर एक प्रेरणादायक कार्य किया है। इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए बिच्छू देवी, कांता देवी, गुड्डी देवी, भगवती व जय श्री भूरसिंह भाटी को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में ठाकुर खुशाल सिंह भाटी, राजेंद्र सिंह, बाबूलाल सिंघवी वार्डपंच, आदर्श मिश्रा, क्षेत्र प्रमुख सूर्या फाउंडेशन विकास विश्वकर्मा गणेश सोनी, बाबूलाल दर्जी व श्याम सिंह भाटी सहित अनेक युवाओं की सहभागिता रही।



1986-2017 32 स्थापना वर्ष

नई दिल्ली उत्तर प्रदेश उत्तराखण्ड

**स्वतंत्र चेतना**

## महिला दिवस पर कादीपुर में महिलाए हुई सम्मानित



**चेतना समाचार सेवा**

**वाराणसी।** सूर्या फाउंडेशन के द्वारा चयनित आदर्श गांव कादीपुर नकाईन में सूर्या फाउंडेशन के काशी क्षेत्र प्रमुख कुलदीप मोहन शर्मा तथा आदर्श गांव कादीपुर के प्रमुख रामकोमल ने स्वयं सहायता समूहों की बहनों को महिला दिवस के बारे में जानकारी दी तथा ज्योति स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती सुशीला देवी, अमृता समूह की अध्यक्ष श्रीमती रीता पटेल,कमल समूह की अध्यक्ष श्रीमती श्यामदुलारी,साक्षी समूह की अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रलेखा के द्वारा सभी समूहों की बहनों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया ।